# GSEB Std 10 Hindi Textbook Solutions Chapter 17 कश्मीर

**GSEB Class 10 Hindi Solutions कश्मीर Textbook Questions and Answers**

स्वाध्याय

1. निम्नलिखित प्रश्नों के एक-एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

प्रश्न 1.
कवि ने नावों की नगरी किसे कहा है ?
उत्तर :
कवि ने नावों की नगरी कश्मीर को कहा है।

प्रश्न 2.
कश्मीरी हवा क्या गाती है ?
उत्तर :
कश्मीरी हवा गीत गाती है।

प्रश्न 3.
जंगल में किन-किन के बीच होड़ लगी है ?
उत्तर :
जंगल में तितली और टिटिहरियों के बीच होड़ लगी है।

प्रश्न 4.
कवि को चश्मे और फूल कैसे लगते हैं ?
उत्तर :
कवि को चश्मे रूमानी और फूल हिमानी लगते हैं।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

प्रश्न 1.
कश्मीर में सुबह किस तरह होती है ?
उत्तर :
कश्मीर में सुबह बहुत सुहानी होती है। सन-सन करती हुई शीतल हवा चलती है। शालीमार बाग सैलानियों से भरा रहता है। भौंरे
गुंजार करते रहते हैं। ऐसे सुहाने वातावरण में सूर्य की किरणें उभरती हुई दिखाई देती हैं। इस समय ऐसा लगता है, मानो झील के किनारे किरण मालिन का रूप धरकर अवतरित हुई हो और वह डलिया में धूप को भरकर ले आई हो। वह उस धूप को बजरों पर बिखेर रही हो।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

प्रश्न 2.

कश्मीर की रक्षा के लिए कवि क्या कहते हैं ?

उत्तर :

कवि कश्मीर की प्रशंसा करते हुए कहते हैं कि यह भारतवर्ष की बर्फीली पगड़ी की तरह है। यहाँ की सुंदर घाटियों, अमरनाथ की राहों, शेषनाग के क्षेत्र देवदारु के हरे-भरे वृक्षों से आच्छादित हैं। इस क्षेत्र में सर्वत्र तिरंगा झंडा फहरा रहा है। आज कश्मीर में अशांति व्याप्त है। हमें उसकी जी-जान से रक्षा करनी है। दुश्मन का डटकर मुकाबला करना है। हमें इस बात का ध्यान रखना है कि कश्मीर पर किसी तरह कि आँच न आने पाए।

प्रश्न 3.

कश्मीर में हवा चलने पर वातावरण कैसा होता है ?

उत्तर :

कश्मीर में हवा चलने पर वातावरण बहुत सुंदर हो जाता है। यहाँ की हवा में गीत-संगीत की स्वरलहरी का आभास होता है। लगता है हवा में किसी नई-नई ग़ज़ल का स्वर गूंज रहा हो।

प्रश्न 4.

पश्मीना ध्वज से कवि का क्या तात्पर्य है ?

उत्तर :

पश्मीना ध्वज का अर्थ है हमारा राष्ट्रीय तिरंगा झंडा। यह झंडा हमारे देश की शान, मान और हमारा प्राण है। इसके तले देश के सभी निवासी सुरक्षित हैं। यह सौम्य ढंग से नागरिकों की रक्षा का प्रतीक है।

प्रश्न 5.

कवि ने कश्मीर को नावों की नगरी क्यों कहा है ?

उत्तर :

कश्मीर की प्राकृतिक छटा मन को मोह लेनेवाली है। यहाँ अनेक झीलें और सरोवर हैं, जिनमें सैलानी सुंदर नावों में नौकाविहार का आनंद लेते हैं। नावें कश्मीर की पहचान हैं। इसीलिए कवि ने कश्मीर को नावों की नगरी कहा है।

### 3. निम्नलिखित प्रश्न का पाँच-छः वाक्यों में उत्तर लिखिए :

प्रश्न 1.

कवि कश्मीर दर्शन के लिए आह्वान देते हुए कश्मीर का कैसा चित्र प्रस्तुत करते हैं ?

उत्तर :

कश्मीर अत्यंत सुंदर और रमणीय प्रदेश है। इसकी प्राकृतिक रचना मन को मोह लेती है। कवि कश्मीर का फूलों की घाटी, नावों की नगरी के रूप में वर्णन करते हैं। यहाँ अनेक सुंदर सरोवर हैं,

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

जिनमें सैलानी नौका-विहार का आनंद ले सकते हैं। शालीमार बाग को सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बताया गया है। झीलों के किनारे सूर्योदय का अनूठा दृश्य देखने को मिलता है।

घाटी में मखमली दूब गलीचों का अहसास दिलाती है। कहीं बस्ती है, तो कहीं वीरान मनभावन स्थान है। शीतल पानीवाले झरने और कोमल फूलों की भरमार है। घाटी में देवदारु के पेड़ों की शोभा निराली है। यहीं अमरनाथ की पवित्र गुफा और शेषनाग सरोवर हैं। कवि फूलों की घाटी और नावों की सुंदर नगरी में चलने के लिए लोगों का आहवान करते हैं।

### 4. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :

प्रश्न 1.

1. पवन - ..........
2. पंछी - ..........
3. चमन - ..........
4. आलम - ..........
5. मल्लाह - ..........
6. मौसम - ..........
7. मसहरी - ..........
8. शबनम - ..........

उत्तर :

1. पवन - समीर
2. पंछी - अंडज
3. चमन - उद्यान
4. आलम - सृष्टि
5. मल्लाह - माझी
6. मौसम - ऋतु
7. मसहरी - मच्छरदानी
8. शबनम - ओस

### 5. निम्नलिखित शब्दों के विरोधी शब्द लिखिए :

प्रश्न 1.

1. घाटी × ..........
2. स्वर्ग × ..........
3. श्याम × ..........

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

4. मीठी × ..........
5. दूर × ..........

उत्तर :

1. घाटी × शिखर
2. स्वर्ग × नरक
3. श्याम × श्वेत
4. मीठी × कडवी
5. दूर × निकट

6. निम्नलिखित शब्दों के विशेषण बनाइए :

प्रश्न 1.

1. बर्फ - ..........
2. हिम - ..........
3. मखमल - ..........
4. स्वर्ग - ..........

उत्तर :

1. बर्फ - बर्फीला
2. हिम - हिमानी
3. मखमल - मखमली
4. स्वर्ग - स्वर्गीय

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in